झारखण्ड सरकार

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

(झारखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद्)

योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

पत्रांक–RUSA/Misc-5/2022/HTESD- 514 (अनु०) राँची / दिनांक– 17/11/26

प्रेषक,

सुधीर बाड़ा, भा.प्र.से.
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलसचिव,
झारखण्ड राज्य सभी राजकीय, निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालय, झारखण्ड।

.....

निदेशक
बी0आई0टी0 सिन्दरी

.....

प्राचार्य / प्राचार्या
सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, झारखण्ड
सभी राजकीय अभियंत्रण एवं पोलीटेक्निक महाविद्यालय, झारखण्ड

विषयः– **दिनांक–28.11.2026 से दिनांक–12.12.2026 तक काशी तमिल संगमम (KTS 5.0) में विद्यार्थियों को भाग लेने एवं KTS 5.0 में दिनांक–18.11.2026 तक पंजीकरण करने के संबंध में।**

प्रसंगः– उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के D.O. No. 16-2/2026-Skt.I (Pt.) दिनांक–13.11.2026

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 28 नवंबर, 2026 से 12 दिसंबर, 2026 तक 'काशी तमिल संगमम' (KTS 5.0) का आयोजन किया जा रहा है।

इस संदर्भ में, KTS 5.0 के अंतर्गत Students' Engagement Programme (छात्र सहभागिता कार्यक्रम) चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक विषयों और भाषाई पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों के बीच तिरुक्कुरल की व्यापक समझ को अध्ययन, शोध और परिसर–आधारित ज्ञान प्रसार गतिविधियों के माध्यम से बढ़ावा देना है।

अतः अनुरोध है कि आपके विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों द्वारा दिनांक–18.11.2026 तक KTS 5.0 पोर्टल **(kts.cict.in)** में पंजीकरण किया जाना आवश्यक है। तत्पश्चात् अधिक से अधिक छात्रों को उक्त पोर्टल के माध्यम से Students' Engagement Programme के तहत दिनांक 24.11.2026 तक नामित किया जाना है। सभी संस्थानों से अनुरोध है कि कम से कम 10–15 विद्यार्थियों को उक्त पोर्टल के माध्यम से Students' Engagement Programme में नामित करना अनिवार्य है तथा इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को दिनांक–25.11.2026 तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाए।

विश्वासभाजन

17.11.26

(सुधीर बाड़ा)
निदेशक, उच्च शिक्षा।

अनु0–यथोक्त।

ज्ञापांक–RUSA/Misc-5/2022/HTESD- 514 (अनु०) राँची / दिनांक– 17/11/26

प्रतिलिपिः–सभी राजकीय विश्वविद्यालय के कुलपति को सूचनार्थ प्रेषित।

17.11.26

निदेशक, उच्च शिक्षा।